ग्रामीण/शहरी प्रति व्यक्ति आय

386. श्री प्रमोद महाजन : क्या योजना मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के दौरान शहरी और ग्रामीण लोगों की प्रति व्यक्ति औसत आय क्या रही हैं ; और

(ख) केन्द्रीय सरकार द्वारा इस विषमता को दूर करने और ग्रामीण लोगों की प्रति व्यक्ति औसत आय में वृद्धि करने के लिए क्या प्रयास किये जा रहे हैं ?

योजना मंत्रालय में राज्य मंत्री और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री बीरेन सिंह इंगती) : गत तीन वर्षों के ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों के लिए औसत प्रति व्यक्ति आय के अलग-अलग अनुमान उपलब्ध नहीं हैं । इस सम्बन्ध में नवीनतम जानकारी वर्ष 1970-71 से सम्बन्धित है, जिसके अनुसार ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में प्रति व्यक्ति आय के अनुमान क्रमश : 499 रु० तथा 1201 रु० के थे । वर्ष 1980-81 के लिए ग्रामीण शहरी प्रति व्यक्ति आय के अनुमान लगाने का काम चल रहा है ।

(ख) कृषि उत्पादकता बढ़ाने, भूमि पर निर्भरता को कम करने तथा उद्योगों के विस्तार और सामाजिक सेवाओं के विकास के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक ढांचे में विविधता लाने के विभिन्न उपायों से ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों की मध्य आय के अन्तर में कमी होने की आशा है । इसके अलावा, कृषि मूल्य आय के अन्तर में कमी होने की आशा है । इसके अलावा कृषि मूल्य नीति से भी कृषकों के हितों की रक्षा द्वारा ग्रामीण तथा शहरी आमदनियों के बीच असमानता कम होने की संभावना है । इसके अतिरिक्त, ग्रामीण निर्धनों के उत्थान लक्ष्य वाले शेष कार्यक्रम भी हैं । एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम में निर्धनों की उत्पादक परिसम्पत्तियों के निर्माण पर जोर दिया गया है तथा निर्माण कार्यक्रमों अर्थात राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम तथा ग्रामीण भूमिहीन रोजगार गारण्टी कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के पूरक अवसर पैदा करना है । इनसे ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों के बीच आय के अन्तर में कमी होने की आशा है ।

Raids conducted by the Central Bureau of Investigation

387. SHRI V. NARAYANASAMY: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the Central Bureau of Investigation conducted searches in various places in the country recently in March, 1988 and seized disproportionate assets worth crores of rupees and registered cases against officers of various Departments;

(b) if so, the number of departments and public sector undertakings in which the searches were made and the persons arrested in this connection; and

(c) what is the total amount of concealed wealth discovered in the search and seizure?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES AND PENSIONS AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI P. CHIDAMBARAM): (a) Yes, Sir.

(b) A list of Departments and Public Sector Undertakings whose officials' residential/offices were searched is enclosed as statement. (*See* below). No arrests were made.

(c) During the course of searches, the following movable/immovable assets have been discovered:—

Movable Assets: 80.86 lakhs.

Immovable Assets: 59.38 lakhs.

Statement

1. UCO Bank, Johar Bazar, Jaipur.
2. O|o DRM, N. Rly., Kota
3. Income Tax, Hyderabad.
4. D.D.A:; New Delhi
5. Employment News, R. K. Puram, New Delhi.
6. Corporation Bank, Guntur.